www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 1 मई 2026

## सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।
- महर्षि अरविन्द

## बरेली के प्रमुख समाचार

- शोषण के सदमे में कक्षा 8 की छात्रा ने दे दी थी जान- II
- राज्यपाल का तकनीक और नवाचार पर जोर- III
- 10वीं में बरेली की प्राजना, 12 वीं में बदायूं की अनामिका मंडल टॉपर-IV

## सिटी ब्रीफ

### मजदूर दिवस पर समस्याओं पर चर्चा

बरेली, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 1 मई को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के तत्वाधान में ग्राम भमोरा स्थित अंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मजदूरों की समस्याओं, उनके उत्पीड़न और अधिकारों को लेकर चर्चा की जाएगी। इंटक नेता सतीश मेहता नेबताया कि कार्यक्रम में इफको इकाई आंवला में कार्यरत संविदा श्रमिकों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के मजदूर भी भाग लेंगे।

### जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में तीन नए बच्चे भर्ती

बरेली, अमृत विचार : बच्चों के बीच बुखार और डायरिया का असर लगातार बना हुआ है। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में परिजन अपने बीमार बच्चों को लेकर पहुंचे जिसमें तीन बच्चों की हालत गंभीर पाई गई, जिन्हें तत्काल भर्ती करना पड़ा। इलाज के बाद 11 बच्चों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चा वार्ड में कुल 27 बच्चे भर्ती हैं, जिनमें से 21 बुखार- डायरिया जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## शहर में आज

- हिंदी विभाग बरेली कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एमएड सभागार में सुबह 10 बजे
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान मंडी स्थित कार्यालय पर सुबह 11 बजे
- मजदूर मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मान समारोह नाग पंचमी मेला ग्राउंड गंगापुर में शाम 8 बजे
- बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन द्वारा मजदूर दिवस कार्भायक्रम आंबेडकर पार्क कोतवाली के सामने शाम 5 बजे

# आंधी-बारिश साथ, आधे शहर की अंधेरे में कटी रात

## मौसम का मिजाज हुआ सुहाना, अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 22.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ

- 30 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं, 6 मई तक धूप के साथ हल्की बूंदांबादी का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच गुरुवार की शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज धूल भरी आंधी और उसके बाद हुई जोरदार बारिश ने जहां एक ओर लोगों को राहत दी, वहीं दूसरी ओर मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में पूरा दिन छाए हल्के बादल शाम को बरस पड़े। तेज हवा के साथ कई इलाकों में हुई बारिश से रात के तापमान में गिरावट आ गई है। दिन में अधिकतम तापमान 35.1 और रात में न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि 2, 3 मई को मौसम साफ रहेगा। उसके बाद फिर आसमान में बादल छाने के साथ कई इलाकों में बारिश हो सकती है।


मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खास बात यह रही कि अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने वातावरण को पूरी तरह प्रभावित किया। सुबह के समय मौसम में हल्की ठंडक और तेज हवाओं का असर देखने को मिला, जबकि दोपहर में उमस ने लोगों को परेशान किया। लेकिन शाम करीब सात बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते शहर और देहात दोनों क्षेत्रों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के टकराव का परिणाम है। इसके चलते वायुमंडल में अस्थिरता बनी और प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ बारिश देखने को मिली। विशेषज्ञों ने आगामी दिनों में भी मौसम के उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 6 मई तक जिले में धूप के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। हालांकि मई के शुरुआती दिनों में तापमान में फिर से वृद्धि संभव है, लेकिन 4-5 मई के आसपास एक बार फिर मौसम में बदलाव और बारिश की संभावना जताई गई है। इस अचानक बदले मौसम ने जहां गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत दी है, वहीं कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने की भी सूचना है। फिलहाल बरेली का मौसम खुशनुमा बना हुआ है और लोग ठंडी हवाओं का आनंद ले रहे हैं।



गुरुवार देर शाम आंधी-बारिश से शहर में कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। ● अमृत विचार

### अंधर ओलावृष्टि से आम को पहुंचा नुकसान

बरेली : गुरुवार को अचानक मौसम बदल गया। झमाझम बारिश और आंधी ने लोगों को तपती गर्मी से राहत दी, वहीं जिले में कई जगह ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज आंधी और ओलावृष्टि के चलते आम की फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। पेड़ों पर लगे कच्चे आम बड़ी संख्या में गिर गए, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा कई क्षेत्रों में गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, दिन का अधिकतम तापमान लगभग 32 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बौछारों का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।



सुभाषनगर पुलिया केनीचे रात में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

## बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था रात भर जुटीं तकनीकी टीमें

- तेज हवा के चलते 33 केवी लाइन कर दी गई बंद, फिर भी हर तरफ फाल्ट
- कई इलाकों में संकट, 33 केवी सप्लाई फेल, ट्रिपिंग से बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी में जहां उपभोक्ता पहले से बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं, वहीं गुरुवार की देर शाम 15 मिनट के लिए आई आंधी-बारिश ने बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप कर दिया। इस 15 मिनट की आंधी-पानी ने एक दर्जन से अधिक सब स्टेशनों को पूरी तरह ठप कर दिया। जिससे शहर में अंधेरा छा गया। विभाग ने एहितान तेज हवा के चलते 33 केवी लाइन को पूरी तरह से बंद कर दिया था। मगर खोलते ही फाल्टों की झड़ी लग गई। शहर अंधेरा झेलता रहा विभाग सब्र बनाए रखने का अपील करती रही।

बता दें कि शहर के कई हिस्सों में बुधवार को बिजली आपूर्ति अचानक बाधित हो गई। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिशन कंपाउंड पावर हाउस से 33 केवी सप्लाई फेल होने और तेज हवाओं के कारण कई फीडरों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं मिशन, हरूनगला, किला, कुतुबखाना, दुर्गानगर, महानगर, पवन विहार और सन सिटी बिजली घर पूरी तरह से ठप हो गया। जिससे सुभाषनगर, हरुनगला, राजेंद्रनगर, कैंट, महानगर, डेलापीर, डीडीपुरम उपकेंद्र की आपूर्ति नहीं हो सकी। आंधी थमी तो बिजली विभाग के स्टाफ ने धीरे-धीरे स्टेशनों से पोषक लाइन शुरू कराई। राजेंद्र नगर, कैंट, गांधीनगर, प्रेमनगर, भूड़, शाहदाना, जगतपुर, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, नेकपुर, सिविल लाइंस, किला, बड़ा बाजार, हरुनगला, सूफी टोला, कांकर टोला, बृजलोक कालोनी, प्रियदर्शनी नगर, पुरानी माचिस फैक्ट्री, मलूक पुर, शिवाजी मार्ग, सिविल लाइंस, पुराना शहर समेत कई इलाकों से उपभोक्ता फोन कर बिजली आने की जानकारी की तो हैल्प डेस्क का फोन व्यस्त बताता रहा।

### चीफ इंजीनियर के खुद के घर की भी बत्ती गुल

कालोनी और मोहल्लों की ही बिजली गुल नहीं हुई बल्कि, शहर के पॉस इलाके की भी बिजली गुल रही। इतना ही नहीं बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के आवास पर भी बिजली गुल रही। उसका कारण यह था कि आवास के बाहर से गुजर रही लाइन पर पेड़ के डाल गिरने से तार टूट गई। जिसके कारण उस पूरे इलाके में बिजली गुल रही। इस इलाके में पुलिस-प्रशासन के कई अफसरों का आवास भी है।

### अफसरों ने की संयम बनाए रखने की अपील

चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने अपील करते हुए कहा कि बुधवार शाम तेज आंधी और हल्की बारिश ने शहर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से रोक दिया है। कई स्थानों पर पेड़ों के तारों से टकराने के कारण 33 केवी और 11 केवी लाइनों में फॉल्ट आया है।

## नाला निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार को नोटिस

बरेली, अमृत विचारः नगर निगम ने आरसीसी नाला निर्माण में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। अधिशासी अभियन्ता राजीव कुमार राठी की ओर से जारी नोटिस में एक लाख रुपये तक जुर्माना लगाने और निविदा निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। वार्ड-46 में मिनी बाईपास आरसीसी नाला निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। अवर अभियन्ता के निरीक्षण में पाया गया कि नाला खोदाई अधूरी छोड़ दी गई है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार को 30 मार्च और 9 अप्रैल 2026 को नोटिस जारी कर कार्य पूरा करने और अनुबंध प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद काम शुरू नहीं किया गया। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि ठेकेदार काम समय से पूरा करे अन्यथा 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाने, निविदा निरस्त करने और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### भरण पोषण राशि वसूल न करने पर तहसीलदार कोर्ट में तलब किए

विधि संवाददाता, बरेली: अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने पत्नी को पति से 3 लाख 85 हजार रुपये की भरण पोषण राशि दिलाए जाने का आदेश दिया था। अदालत ने वसूली वारंट जारी किया था। इस डीएम ने तहसीलदार बहेड़ी को पत्र भेजा था। तहसीलदार ने आदेश वापस कर दिया था। अदालत ने तल्ख टिप्पणी कर सम्बंधित को व्यक्तिगत रूप से 4 मई को दोपहर 12.30 बजे हाजिर होकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

# गोवंश की दुर्दशा... डीएम ने लापरवाही पर प्रधान के अधिकार किए निलंबित

- एडीएम सिटी को सौंपी जांच मधुनगला की गौशाला के बाहर नदी किनारे मिले थे 17 मृत गोवंश
- तत्कालीन सचिव के खिलाफ भी कार्रवाई प्रचलित, पशु चिकित्साधिकारी भी दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भदपुरा ब्लाक की ग्राम पंचायत मधुनगला में गोवंश आश्रय स्थल के संचालन में घोर लापरवाही, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और सरकारी कार्य में सहयोग न करने के आरोप में डीएम अविनाश सिंह ने ग्राम प्रधान अनमोल के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार निलंबित कर दिए। अब एडीएम सिटी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मामले की अंतिम जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मामले में तत्कालीन सचिव संगीता देवी के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही प्रचलित है। पशु चिकित्साधिकारी को भी प्रथम दृष्टया दोषी माना गया है।

13 अगस्त 2025 को एडीएम नवाबगंज ने टीम के साथ गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला के बाहर नदी किनारे 17 मृत गोवंश मिले थे, जिनका नियमानुसार निस्तारण नहीं किया गया था। प्रशासन ने स्वयं जेसीबी मशीन मंगाकर गोवंश के शवों का निस्तारण कराया था। इसके बाद 30 अगस्त को जिलाधिकारी के आदेश पर एडीएम प्रशासन को प्रारंभिक जांच के लिए नामित किया गया। उनकी जांच में भी सामने आया कि गोशाला में ठीक से सफाई नहीं हो रही थी। वहां गोबर, कीचड़ और जलभराव की स्थिति थी। पशु चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर 418 गोवंश संरक्षित थे, जबकि गौआश्रय पोर्टल पर केवल 350 गरेवंश ही पंजीकृत पाए गए थे। इसके अतिरिक्त, गोशाला में चारे, भूसे और उपचार से संबंधित लॉगबुक और चिकित्सा पंजिकाएं भी सही ढंग से नहीं भरी जा रही थीं। एडीएम प्रशासन ने 6 मार्च को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें ग्राम प्रधान और सचिव को जांच में सहयोग न करने और पदीय दायित्वों में विफल रहने का दोषी पाया गया। इधर, प्रधान ने अपने स्पष्टीकरण में इन आरोपों को चुनावी रंजिश बताते हुए निराधार बताया और तर्क दिया कि नदी किनारे मृत गोवंश किसी प्रतिद्वंदी ने डाले थे। हालांकि, डीएम ने इस दलील को साक्ष्यों के अभाव में खारिज कर दिया था। अब एडीएम सिटी को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अंतिम जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## सात सड़कों के कायाकल्प को 3.50 करोड़ रुपये जारी

बरेली, अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने राज्य सड़क निधि से बरेली क्षेत्र की सात सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए लगभग 3.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इन परियोजनाओं के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा पूर्व में ही जारी किया जा चुका था। आदेश के अनुसार, ठिरिया निजावत खान से मनपुरिया दलेल मार्ग हेतु 80.81 लाख और बाढ़ प्रभावित नगरिया कला से कमालपुर मार्ग के लिए 82.37 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। इसके अतिरिक्त पीलीभीत-बरेली मार्ग से टांडा सादात, अटा कायस्थान से मीरपुर कासमपुर, भूड़ा फरीदपुर से ढहिया भोज, फरीदपुर ब्रांच कैनल और गूंगा वाया मयूडी संपर्क मार्गों के सुधार हेतु क्रमशः लाखों रुपये की किस्त जारी हुई है। इस वित्तीय सहयोग से ग्रामीण व संपर्क मार्गों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और आवागमन में सुगमता मिलेगी।

# कमिश्नर ने वृक्षारोपण को लेकर जारी किए सख्त निर्देश

- वृक्षारोपण की जियो टैगिंग और डेंगू-मलेरिया नियंत्रण पर विशेष जोर दिया
- समीक्षा बैठक में अफसरों को कई बिंदुओं पर जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता , बरेली

अमृत विचारः विकास भवन सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी ने गेहूं खरीद, वृक्षारोपण, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति के बारे में जाकनारी ली और जरूरी निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों को कार्यों में तेजी लाने और जमीनी स्तर पर सुधार करने को कहा।

मण्डलायुक्त ने बताया कि प्रदेश में गेहूं खरीद में मंडल दूसरे स्थान पर है। इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और अधिक से अधिक किसानों को क्रय केन्द्रों तक लाया जाए। साथ ही केन्द्रों पर बोरों की उपलब्धता, पेयजल और बैठने की व्यवस्था करने को कहा। वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करें। एक ही स्थान पर बार-बार पौधारोपण न करने और प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। कार्ययोजना प्रस्तुत न करने वाले विभागों पर नाराजगी भी जताई।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जाए। मण्डलायुक्त ने स्वयं विद्यालयों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति परखने की बात कही।आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए। हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और टीकाकरण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बदायूं में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई। मण्डलायुक्त ने जनजागरुकता अभियान चलाकर नियंत्रण करने के निर्देश दिए। साथ ही बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर अनियमितताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी बदायूं अवनीश कुमार राय, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह सहित मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

**खतरा गली-गली** | जिले में शहर से देहात तक कुत्तों का आतंक, आए दिन कुत्तों का शिकार बन रहे हैं लोग

# सिस्टम मौन, सिटी-देहात में हिंसक कुत्तों के हमले से बचाए कौन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः शहर से देहात तक आवारा कुत्तों का आतंक इंसानी सुरक्षा के लिए बड़ा संकट बन गया है। हिंसक कुत्तों के झुंड बच्चे, महिलाएं बूढ़े, जवान सब पर झपट रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार नगर निगम इंतजाम करने के नाम पर सिर्फ फाइलें दौड़ाता नजर आ रहा है। कर्मचारी नगर कुत्तों से बचने के प्रयास में बाइक से रिटायर टीचर मंजू सक्सेना अपनी जान गंवा बैठीं।

टीचर की मौत की घटना की ओर अमृत विचार ने सिस्टम का ध्यान खींचा तो टीमें कुछ घंटे दौड़ती नजर आईं और उसके बाद फिर शांत होकर बैठ गईं। लोगों का कहना है कि बारादरी, किला से लेकर सीबीगंज समेत कई इलाकों में कुत्तों के हमले की घटनाएं रोज सामने आ रही हैं। हाल के ही दिनों में एक दर्जन से अधिक लोग कुत्तों के हमलों में घायल हो चुके हैं। हर तरफ कुत्तों की दहशत है।



सीबीगंज क्षेत्र के वंडिया, खान गौटिया, गौटिया और नंदोसी गांवों में हालात और भी चिंताजनक हैं। यहां बच्चों और राहगीरों पर कुत्तों के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। स्कूलों के बाहर कुत्तों के झुंड डेरा डाले रहते हैं, जिससे अभिभावकों में भारी डर है। वहीं मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोग भी इनका सबसे आसान निशाना बन रहे हैं। आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा करीब 1.80 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया एनिमल बर्थ कंट्रोल (ABC) सेंटर संचालित तो है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है । नसबंदी और पकड़ने की प्रक्रिया अधूरी रहने से समस्या और विकराल हो गई है। शहर में 44 फीडिंग पॉइंट चिन्हित किए गए, लेकिन इसका भी कोई ठोस असर नहीं दिख रहा है। अनुमान है कि शहर में करीब 500 खतरनाक नस्ल के कुत्ते हैं, जिनमें अधिकांश का पंजीकरण नहीं है। आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक अब सिर्फ एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का बड़ा मुद्दा बन चुका है। लगातार हो रही मौतों और हमलों के बावजूद प्रभावी नियंत्रण न होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रहा है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं।

### शिक्षिका को दौड़ाने वाले कुत्तों का वीडियो आया सामने

बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी नगर इलाके में बुधवार को कुत्तों के दौड़ाने पर रिटायर्ड शिक्षिका मंजू सक्सेना निवासी वीर सावरकार नगर की बाइक से गिरकर मौत हो गई थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ है कि अचानक आवारा कुत्तों का झुंड बाइक की ओर दौड़ता है। बाइक असंतुलित हो जाती है और मंजू सक्सेना सड़क पर गिर जाती हैं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुत्तों की नसबंदी और नियंत्रण के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

> नगर आयुक्त संजीव कुमार के अनुसार, कुत्तों की नसबंदी के लिए एक ABC सेंटर संचालित है, जिसे पीपुल फॉर एनिमल संस्था देख रही है। एक और सेंटर के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसे संतुलन जीव संस्था संचालित करेगी। उन्होंने बताया कि नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ा जाता है। -**संजीव कुमार मौर्या**,नगरआयुक्त

### मौतों का बढ़ता आंकड़ा (2023-2026)

- 29 अप्रैल 2026 : कर्मचारी नगर में रिटायर्ड शिक्षिका मंजू सक्सेना की मौत
- 2026 (शुरुआत) : 4 वर्षीय अरश की कुत्तों के हमले में मौत
- नवंबर 2023 : 5 वर्षीय दक्ष की मौत
- वंडिया (सीबीगंज) : 2 साल की बच्ची को कुत्तों ने मार डाला
- खान गौटिया : 10-12 वर्षीय बालक अयान की हमले में मौत

### एंटी रैबीज वैक्सीनेशन के आंकड़े

जनवरी : 6406
फरवरी : 6380
मार्च : 6690
अप्रैल : 6725

## शिकायतों का मौके पर करें निस्तारण

बरेली, अमृत विचारः जमीन की पैमाइश और खसरा-खतौनी से जुड़े लंबित प्रकरणों को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। बढ़ती शिकायतों को देखते हुए एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

तहसील में हर दिन बड़ी संख्या में फरियादी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन समय पर समाधान न होने से प्रकरण लंबित होते जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर सदर प्रमोद कुमार ने लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण किया जाए। बताया जा रहा है कि पैमाइश से संबंधित प्रतिदिन करीब 25 से 30 शिकायतें तहसील में दर्ज हो रही हैं। कुछ मामलों का ही समाधान हो पा रहा।नाराजगी जताते हुए उन्होंने राजस्व निरीक्षकों को समय से सही तरीके से सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# अनुशासित कार्यकर्ताओं के दम पर बनेगी सपा सरकार: शुभलेश



शुभलेश यादव का अभिनंदन करते सपा पार्षद। ● अमृत विचार

- सपा पार्षद दल ने पार्टी कार्यालय पर किया जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः सपाके नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव का पार्षद दल ने स्वागत किया गया। शुभलेश ने कहा कि सरकार के उत्पीड़न के खिलाफ सपा हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि जनहित के मुद्दों और अनुशासित कार्यकर्ताओं के बल पर आगामी चुनावों में सपा जनपद की सभी नौ विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर प्रदेश में सरकार बनाएगी। जिलाध्यक्ष ने पार्षदों को पार्टी की रीढ़ बताया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भाजपा को उद्योगपतियों की सरकार बताते हुए पार्षदों से जनता की समस्याओं को मुखरता से उठाने की अपील की। पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने युवा नेतृत्व पर भरोसा जताने के लिए अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया।पार्षद आरिफ कुरैशी, सलीम पटवारी, अलीम सुल्तानी, इकबाल, सलीम, गुलबशर अंसारी, मो. शाकिर, सनी मिर्जा आदि मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# मजदूर दिवस पर पुलिस अलर्ट, खुफिया निगरानी

- औद्योगिक संगठन-यूनियनों से पुलिस कर रही संवाद
- माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी सिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नोएडा की घटना के बाद बरेली में मजदूर दिवस पर पुलिस और गुप्तचर एजेंसियां सतर्क नजर आ रही हैं। श्रमिक संगठनों के साथ संवाद बनाया गया है। पुलिस की विशेष टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, ताकि कहीं भी कुछ गड़बड़ न होने पाए।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ लगातार बातचीत हो रही है। श्रमिक यूनियनों से भी संवाद स्थापित किया गया है और उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की गई है। कहा कि किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही एलआईयू को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो क्षेत्र में होने वाली हर छोटी-बड़ी गतिविधि की जानकारी जुटा रही है। पुलिस टीमों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करें।

# पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप

**बरेली।** पीडब्ल्यूडी कर्मचारी ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। ग्राम ढकनी रजपुरी निवासी तसलीम पीडब्ल्यूडी में मेट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा है। पत्नी की ओर से केस न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं, तसलीम ने भी अपनी पुत्री को वापस बुलाने के लिए न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। तलाक का दबाव बनाया जा रहा है। 21 अप्रैल को वह कोर्ट लौट रहे थे। आरोप है कि कचहरी तिराहे पर ससुराल पक्ष ने उनके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आरिफ समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वीवीआईपी विजिट से लगा जाम, लेडी पाइलट का पारा हाई

- चौकी चौराहे पर ट्रैफिक कर्मियों से पायलट की हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राज्यपाल के आगमन को लेकर चौकी चौराहा पर ट्रैफिक रोकने पर एक पायलट और ट्रैफिककर्मी के बीच नोकझोंक हो गई।

बताया जा रहा है कि पायलट अपनी फ्लाइट पकड़ने के लिए जा रही थी। चौकी चौराहा पर काफी देर तक जाम में फंसे रहने के बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस कर्मी से रास्ता खोलने को कहा। पुलिस कर्मी के मना करने परदोनों के बीच तीखी बहस हो गई। लेडी पायलट का कहना था कि उन्हें फ्लाइट के लिए देर हो रही है, जबकि ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने वीआईपी मूवमेंट का हवाला देते हुए इंतजार करने को कहा। अन्य सिपाहियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। पायलट ने नाराजगी जताते हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री से एक्स पर शिकायत करने की बात भी कही।



चौकी चौराहे पर ट्रैफिक रोके जाने को लेकर पुलिसकर्मियों से नाराजगी व्यक्त करतीं पायलट। ● अमृत विचार

# शोषण के सदमे में कक्षा 8 की छात्रा ने दे दी थी जान, कोई परिचित ही निकलेगा शैतान

## बिटिया ने फांसी लगा ली मगर किसी ने भी नहीं दी पुलिस को सूचना, अंतिम संस्कार की थी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- दूसरी जगह झगड़े की खबर पर गांव पहुंची थी डायल 112 टीम
- पुलिस न पहुंचती तो गुपचुप अंतिम संस्कार करने वाला था परिवार

मीरगंज क्षेत्र में सुसाइड करने वाली कक्षा 8 की छात्रा के साथ हद से ज्यादा हैवानियत हुई थी। दरिंदगी का शिकार 12 बरस की बिटिया ने परेशान होकर फांसी लगा ली, इसके बाद भी उसकी मौत पर परदा डालने की आखिर तक कोशिश की गई। अब्बू दिल्ली में थे और मां ने कई घंटे बाद भी पुलिस को सूचना नहीं दी। दूसरी जगह झगड़े की सूचना पर डायल 112 की टीम गांव न पहुंची होती तो समाज को कंपा देने वाली बच्ची की मौत की कहानी पर हमेशा के लिए परदा डाल दिया जाता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जिस तरह बच्ची के यौन शोषण का सच सामने आया है, न सिर्फ समाज को शर्मिंदा करने वाला है, बल्कि गुमनाम शैतान की तलाश में जुटी पुलिस को भी टेंशन में डालने वाला है।

दरिंदगी का शिकार बनकर जान गंवाने वाली बच्ची मीरगंज क्षेत्र के गांव में रहने वाले तंगहाल परिवार की सबसे बड़ी बेटी थी। पिता दिल्ली में रहकर चप्पल फैक्ट्री में काम करता है। बच्ची अपनी मां और 4 छोटे भाई-बहनों के साथ गांव में रहती थी। गांव के सरकारी जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठ की पढ़ाई भी कर रही थी। तीन दिन पहले गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा होने की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम वहां पहुंची थी। कुछ ही कदम की दूरी पर छात्रा की मौत हुई थी मगर इसकी सूचना पर परिवार या गांव के लोगों ने पुलिस को नहीं दी थी। मौके पर पहुंची 112 टीम को पड़ोस में बच्ची की मौत का पता लगा तो पूरे मामले से थाना मीरगंज को अवगत कराया गया। इसके बाद थाने से पुलिस गांव पहुंची। उससे पहले छात्रा के शव के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रहे थे। पुलिस के सामने भी बच्ची की मां पोस्टमार्टम न कराने की मांग करती रही। पुलिस ने समझा-बुझाकर शव पोस्टमार्टम को न भेजा होता तो बच्ची से दरिंदगी का सच कभी सामने नहीं आता।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा छात्रा की मौत को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रही हैं। उन्होंने सीओ और इंस्पेक्टर को विवेचना के सम्बंध में जरूरी निर्देश दिए हैं। एसपी साउथ ने बताया कि पुलिस की दो टीमें मामले के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। जल्द ही परदाफाश किया जाएगा।

### दिल्ली से लौटे अब्बू अंजान, आसपास पूछताछ कर पुलिस टीमें तलाश रहीं 'बेरहम' के निशान

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, छात्रा का यौन शोषण हुआ था। उसके अंगों पर दांत से काटने के निशान भी पाए गए। मौत की वजह हैंगिग आया है, जिसका मतलब सुसाइड है। बड़ा सवाल है, बच्ची को लगातार हैवानियत करने वाला आखिर कौन था? घर के हालात और बच्ची पर हुए जुल्म को देखकर माना जा रहा है कि कोई परिचित ही उसका शोषण कर रहा था। प्रश्न ये भी उठता है कि परिवार ने आखिर छात्रा की मौत की सूचना पुलिस को क्यों नहीं दी ? बेटी की मौत की खबर पाकर दिल्ली से गांव पहुंचे अब्बू कुछ बताने की स्थिति में नही है। पुलिस अब छात्रा की मां से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है, ताकि सनसनीखेज मामले की तह में पहुंचा जा सका। मां को पुलिस ने थाने बुलाकर लंबी पूछताछ की है। गुरुवार को सीओ मीरगंज अजय कुमार, थाना प्रभारी संजय तोमर और हलका इंचार्ज मृत छात्रा के घर पहुंचे और घटना के सम्बंध में गहराई से छानबीन की। एसपी अंशिका वर्मा ने भी पहुंचकर जानकारी की।

**सीसीटीवी की जांच, कई से पूछताछ :** सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी को प्रमुखता से जांच में शामिल किया है। बताया गया है कि घटना के समय बच्ची की मां कोटे से राशन लेने गई थी। घर पर छात्रा व उसकी छोटी बहन थी। बहन ने ही पड़ोस में जाकर बताया था। तब मां खबर कर कोटे की दुकान से बुलाया गया। हालांकि मां व किसी पड़ोसी ने पुलिस को खबर नहीं की। हालात देखते हुए पुलिस का मानना है कि छात्रा का शोषण करने वाला कोई परिचित हो सकता है। इसे लेकर कई बिंदुओं पर तेजी से जांच की जा रही है।

# फर्जी आईएएस विप्रा गैंग ने तीन लोगों से नौकरी के नाम पर दस लाख ठगे

- जाली नियुक्ति पत्र देकर किया गया धोखा, दो-दो बार भेजे पीड़ितों को फर्जी दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार,** आईएएस बहनों के नाम पर चल रहे ठगी के नेटवर्क का खुलासा होने के बाद अब पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को दो शिकायतें सामने आई थीं, वहीं गुरुवार को भी एक और पीड़ित थाना पहुंचा और पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी।

सुभाषनगर क्षेत्र के राजीव कॉलोनी निवासी अमित राज ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात ग्रीन पार्क निवासी डॉ. विप्रा शर्मा से हुई थी, जिन्होंने खुद को एसडीएम बताया था। बातचीत के दौरान उन्होंने प्रशासन में ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए अमित और उसके भाइयों को सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया।

आरोप है कि डॉ. विप्रा शर्मा ने राजस्व विभाग में क्लर्क, कंप्यूटर ऑपरेटर और लेखपाल पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की मांग की। परिवार ने जेवर बेचकर दो लाख रुपये नकद और आठ लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी ने अक्टूबर और दिसंबर 2024 में डाक के माध्यम से फर्जी नियुक्ति पत्र भेजे, जिन पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव के नकली हस्ताक्षर थे। जब ज्वाइनिंग नहीं हुई तो पीड़ित को शक हुआ और उसने लखनऊ जाकर जांच की, जहां नियुक्ति पत्र फर्जी निकले।

पीड़ित का आरोप है कि जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। अब उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ठगी करने वाली बहनों के बारे में और जानकारी कर रही है। उनके बैंक खातों की भी जानकारी बैंक से ली जा रही है। फिलहाल तीनों बहने जेल में है और उनके एकाउंट भी फ्रीज कराए जा चुके है।

# दरोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप, कोर्ट में अर्जी

**विधि संवाददाता, बरेली:** मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों का फर्जी निस्तारण, रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए थाना देवरनियां में तैनात दरोगा के विरुद्ध सेड़ा निवासी दाताराम ने विशेष न्यायाधीश पीसी एक्ट प्रथम अदालत में रिपोर्ट दर्ज कराये जाने को अर्जी दी। कोर्ट ने आख्या तलब करते हुए सुनवाई को 7 मई की तिथि नियत की है।

**बालक संग छेड़छाड के दोषी को 5 वर्ष कैद:** बालक से छेड़छाड के आरोपी शीशगढ़ क्षेत्र निवासी नरेन्द्र को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने पांच वर्ष कठोर कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील कुलदीप श्रोतिया ने बताया कि पीड़ित के पिता ने तहरीर दी थी।

# कोचिंग छात्रा से छेड़छाड़ एसिड अटैक की धमकी

- एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना बारादरी क्षेत्र में एक छात्रा के साथ लगातार छेड़छाड़ और अभद्रता का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि कोचिंग आने-जाने के दौरान युवक और उसके साथी छात्रा को परेशान करते हैं। गाली-गलौज करते तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ने की धमकी दे चुके हैं। । एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पीड़िता ने बताया कि रोजाना दोपहर में कोचिंग जाती है। शाम 6 बजे लौटती है। इसी दौरान हरुनगला निवासी आकाश, जो ठेले पर मोमोज बेचता है, अपने साथियों के साथ मिलकर छेड़छाड़ करता है। जब उसने अपने पिता से शिकायत की तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि उसका चेहरा तेजाब डालकर बिगाड़ देगा। जिससे वह दहशत में है और कोचिंग जाना तक मुश्किल हो गया है।

पीड़िता ने 25 और 26 अप्रैल 2026 को रुहेलखंड चौकी में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। केवल आरोपी को 107/116/151 की कार्रवाई में बैठाकर छोड़ दिया गया। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज है।

# महिला के कुंडल लूटने वाले बदमाश का एनकाउंटर

**बदायूं/ बरेली।** बाइक सवार महिला के कुंडल छीनने वाले अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार बिकारुद्दीन पर पहले से कई मामले दर्ज चल रहे थे। नवाबगंज के गांव ईंध जागीगर निवासी पीतम राम 27 अप्रैल को पत्नी नीलम व बेटी स्वानी के साथ अपनी ससुराल उझानी क्षेत्र से लौट रहे थे। आश्रय आवास कॉलोनी के पास बाइक सवार दो बदमाश नीलम के कानों से कुंडल छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने सटीक सूचना पर घेराबंदी की। फायरिंग शुरू कर दी। कली। जबावी कार्रवाई में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी। एक सिपाही भी जख्मी हो गया।

# सड़क हादसे में बरेली कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. मिन्नी यादव की मौत

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग में गेस्ट लेक्चरर डॉ. मिन्नी यादव की बुधवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर से बरेली कॉलेज में शोक छा गया।



डॉ. मिन्नी यादव।

डॉ. मिन्नी ने बरेली कॉलेज से ही पढ़ाई करने के बाद गेस्ट लेक्चरर के तौर पर कॉलेज से जुड़े हुए थे। इसके साथ ही वह छात्र राजनीति में सक्रिय रहे। वह मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे। जौनपुर में सुजानगंज थाना क्षेत्र के बाहरपुरकला गांव के पास उनकी गाड़ी की डंपर से टक्कर हो गई। 42 साल के मिन्नी यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके भाई राजेंद्र यादव घायल हो गए। कॉलेज प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने उन्हें कर्मठ शिक्षक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा ने भी शोक व्यक्त किया।

### ट्रेन में तबीयत बिगड़ने के बाद युवक ने दम तोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की हालत बिगड़ गई। बरेली जंक्शन पर ट्रेन पहुंचने से पहले मौत हो गई। थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी मुकेश (35) जयपुर में एक फैक्ट्री में काम करता था। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी। परिवार के कहने पर वह जयपुर से घर लौट रहा था।ट्रेन में सफर के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन बरेली जंक्शन पहुंची, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के पास मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के बड़े भाई जसबीर ने बताया कि मुकेश अविवाहित था। मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

अभियान | डीआईजी अजय साहनी ने रेंज के सभी जिलों में अपराध नियंत्रण के हालात जांचे, अपराधियों पर सख्ती के निर्देश

# 'ऑपरेशन दहन' से तस्करों की लंका लगा रही खाकी

- पुलिस को सोशल मीडिया की निगरानी, अफवाहों का तुरंत खंडन जारी करने की हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अजय साहनी, डीआईजी रेंज बरेली।

**अमृत विचार:** डीआईजी अजय साहनी ने गुरुवार को रेंज के सभी जिला पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण अभियान की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए गए कि रेंज में जारी ऑपरेशन दहन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों पर सख्त एक्शन लिया जाए। पिट एनडीपीएस एक्ट लगाकर तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए।

बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया गया। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। वहीं सीसीटीएनएस प्रणाली में 60 से 90 दिन से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण को कहा गया। डीआईजी ने ई-साक्ष्य ऐप के अधिकतम उपयोग पर जोर देते हुए एसआईडी क्रिएशन कर वीडियोग्राफी बयान, फोटो और फॉरेंसिक रिपोर्ट को विवेचनाओं में शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-समन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु न्यायालय से समन्वय बनाकर इलेक्ट्रॉनिक समन जारी करने और उनकी समयबद्ध तामीला सुनिश्चित करने को कहा गया।

सोशल मीडिया निगरानी, अफवाहों के त्वरित खंडन और मीडिया-पुलिस समन्वय मजबूत बनाएं। यक्ष ऐप पर डाटा फीडिंग सुनिश्चित करें। जीएसटी चोरी से जुड़े मामलों की विवेचना, साइबर अपराध नियंत्रण, साइबर हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन, हादसे कम करने को को 'जीरो फेटालिटी डिस्ट्रिक्ट' अभियान को गति दें।

### बरेली पुलिस ने भस्म किए 60 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में मादक पदार्थों के डिस्पोजल एवं विनष्टीकरण हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन के तहत बरेली में बड़ी कार्रवाई की गई। गुरुवार को एसएसपी बरेली की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा विभिन्न थानों के 289 अभियोगों में जब्त कुल 1968 .520 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई न्यायालय एवं विभागाध्यक्ष से अनुमति प्राप्त करने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी लेकर एनविराड मेडिकेयर प्रा. लि., परसाखेड़ा स्थित इंसीनरेटर के माध्यम से भस्मीकरण विधि द्वारा संपन्न की गई। विनष्टीकृत मादक पदार्थों का अनुमानित बाजार मूल्य 60 करोड़ 55 लाख 18 हजार 465 रुपये आंका गया है।

# पुलिस के सामने शिक्षक पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- आदिनाथ चौक पर हुई घटना पुलिस ने कार सवार आरोपी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में पुलिस के सामने ही कॉलेज के प्रिंसिपल पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। मामले में कार सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सिद्धार्थनगर डॉ. महेश पांडे मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही में कार्यवाहक प्रिंसिपल हैं। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल की रात सब्जी डेलापीर आदिनाथ चौक की तरफ आ रहे थे। आगे काले रंग की कार रास्ता रोके खड़ी थी। उन्होंने हटने को बोला तो कार सवार आरोपी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। उस समय वहां ट्रैफिक पुलिस भी ड्यूटी दे रही थी। कहासुनी के दौरान आरोपी ने फोन करके साथियों को बुलाया। इसके बाद आरोपी ने धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से सीने पर हमला कर दिया। इससे वह अचेत हो गए। उन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने गुरुवार रात कार सवार अज्ञात हमलावर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### बैडमिंटन खिलाड़ी अमन खलेंगे केवी नेशनल प्रतियोगिता



**बरेली, अमृत विचार :** बैडमिंटन खिलाड़ी अमन ने केंद्रीय विद्यालय नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इफको (आंवला) में 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित रीजनल ट्रायल में अमन ने अंडर-19 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन कोच करण प्रताप सिंह ने उन्हें बधाई दी।

### महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष बनीं रीना हनीफ

**बरेली,अमृत विचार :** डॉ. अम्बेडकर समाज सेवा समिति ने अधिवक्ता रीना हनीफ को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह पूर्व से ही संस्था की विधिक सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। रीना हनीफ ने बताया कि वह संस्था के माध्यम से गरीब, असहाय महिलाओं व वृद्धों को निशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करती रही हैं।

### बाबूजी महाराज का 127वां जन्मोत्सव मनाया गया

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा स्थित हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेन्टर में श्री राम चन्द्र मिशन के संस्थापक बाबूजी महाराज का 127वां जन्मोत्सव मनाया गया। वक्ताओं ने बताया कि बाबूजी द्वारा प्रतिपादित प्राणाहुति की शक्ति से साधक बहुत कम समय में आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। पीसी पाठक ने इस विशेष दिन की महत्ता बताई, जबकि अनुराग शर्मा ने बाबूजी के जीवन मूल्यों और उनकी शिक्षाओं को साझा किया। दीप सक्सेना ने संचालन किया। राकेश वार्ष्णेय, सुनील वार्ष्णेय, रमा पाठक, नीलिमा सक्सेना, नीतू गोयल और संजीव चौधरी व अन्य अभ्यासियों ने सामूहिक ध्यान कर विश्व शांति की प्रार्थना की।

# राज्यपाल का तकनीक और नवाचार पर जोर

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, प्रयोगों की सराहना कर दीं शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कृषि संकाय एवं प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित कृषि प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि यंत्रों और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने गुरुवार को प्रदर्शनी का अवलोकन कर कृषि क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों की सराहना की।

विश्वविद्यालय के कृषि संकाय एवं प्रोद्योगिक विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कुलाधिपति ने नारियल फोड़कर कृषि संकाय के नए आधुनिक कृषि उपकरणों का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में खरीदे गए दो ट्रैक्टर, पावर टीलर, आगर, ड्रोन सहित अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। कुलाधिपति ने इन संसाधनों को छात्रों के व्यवहारिक ज्ञान और अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आगे चलकर विश्वविद्यालय ही इन्हीं उपकरणों का निर्माण करें। निर्माण करके बाजार में भी विश्वविद्यालय निर्मित उपकरण बेचे जाए। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रामफल और एवोकाडो की खेती रही। एवोकाडो के पौधे को उन्होंने राजभवन में भी लगवाने की बात कही। कुलाधिपति ने इन फसलों के उत्पादन की सराहना करते हुए इसे आधुनिक और विविधीकृत कृषि की दिशा में अहम कदम बताया। कहा कि इस तरह के प्रयोग किसानों के लिए प्रेरणादायक साबित हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के कृषि संकाय की ओर से विश्वविद्यालय परिसर के उत्पादों को राज्यपाल अपने साथ ले गई। कुलपति प्रो. केपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र बालियान, पीओपी अनिल साहनी सहित विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कृषि यंत्र देखतीं राज्यपाल आंनदीबेन पटेल। ● अमृत विचार

● रामफल-एवोकाडो की खेती देखी राजभवन में भी लगाने को कहा

### राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना और संस्थान की व्यवस्थाएं देखीं। बच्चों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों से भी जोड़ा जाए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वस्थ मनोरंजन की व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि सकारात्मक वातावरण और संस्कारयुक्त शिक्षा से ही इन बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दिशा इंटर कॉलेज में मनाया गुजरात स्थापना दिवस

● बहुउद्देशीय हॉल का राज्यपाल ने किया शिलान्यास, बच्चों ने गरबा-डांडिया से बांधा समां

● शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य योजनाएं गांव-गांव पहुंचाने की बात कही

**बरेली, अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में दिशा इंटर कॉलेज में गुजरात स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखण्ड विश्विवद्यालय के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान राज्यपाल ने बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास किया और 'बापू बाजार' में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे विद्यालय वंचित बच्चों को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों को गांव गोद लेकर वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान, एचपीवी वैक्सीनेशन और महिलाओं की स्वास्थ्य जांच जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। साथ ही बच्चियों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की सलाह दी। इस दौरान कुलपति केपी सिंह ने विद्यालय में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नई प्रयोगशालाएं बनाई गई हैं और साइंस स्ट्रीम शुरू की गई है, जिससे नामांकन में वृद्धि हुई है।

### राज्यपाल की सुरक्षा में चाक-चौबंद रहे इंतजाम

**बरेली।** राज्यपाल के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरे दिन हाई अलर्ट पर रहा। 3 एसपी, 10 सीओ पीएसी और 893 पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा इंतजाम संभालते नजर आए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी गई और हर गतिविधि पर लगातार निगरानी बनी रही। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर डटे रहे और समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थों से अपडेट लेते रहे। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला कांस्टेबलों की भी विशेष ड्यूटी लगाई गई।

## कड़ा पहरा




गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बरेली में थीं। यहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चौकी चौराहा से किला रोड पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का काफिला निकलने से पहले ट्रैफिक रोक दिया गया। इस दौरान सड़क पर सन्नाटा छा गया। ● अमृत विचार

### कई ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल ने कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का फैसला किया है। इसका लाभ बरेली के यात्रियों को भी मिलेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि गाड़ी संख्या 04010/04009 (दिल्ली-सीतामढ़ी- दिल्ली), 14207/14208 (मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली) और 14205/14206 (अयोध्या कैंट- दिल्ली) में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा। ये सभी ट्रेनें बरेली से जुड़ी हैं, जिससे स्थानीय यात्रियों को कन्फर्म सीट मिलने में राहत मिलेगी। इसके अलावा 22420/22419 (आनंद विहार टर्मिनल-गाजीपुर सिटी) ट्रेन में भी 9 से 15 मई के बीच अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

# शिक्षा का सही अर्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना: राज्यपाल

● रामगंगा नगर में लखनऊ पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार को रामगंगा नगर में लखनऊ पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया। समारोह में कहा कि शिक्षा का मतलब मात्र किताबी ज्ञान नहीं बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना है।

उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि सांसद डा. एसपी सिंह पटेल ने बरेली में लखनऊ पब्लिक स्कूल बनाकर शिक्षा की दिशा में एक और कदम उठाया। कि किसी राष्ट्र को नयी दिशा देनी होती है तो उसकी शुरुआत शिक्षा से ही होती है। शिक्षक मात्र पाठ पढ़ाने वाला नहीं बल्कि भविष्य गढ़ने वाला शिल्पकार हैं। राज्यपाल ने स्कूल प्रबन्धन से झोपड़पट्टी के पांच बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की भी अपील की।

समारोह में महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, बीएल एग्रो एमडी, घनश्याम खंडेलवाल, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, भोजीपुरा ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल के साथ रुहेलखंड विवि के कुलपति केपी सिंह, लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल, पूर्व एमएलसी- मुख्य प्रशासिका क्रांति सिंह, प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार, महाप्रबंधक शिखर पाल सिंह, जनरल मैनेजर हर्षित सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



उद्घाटन समारोह में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, स्कूल चेयरमैन व सांसद एसपी सिंह पटेल, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल व अन्य। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### इज्जतनगर मंडल में आठ रेल कर्मियों को दी विदाई



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में सेवानिवृत्त आठ रेल कर्मचारियों बुद्ध सेन भगत, रामऔतार, किशोरी सिंह, राजेंद्र कुमार, अजय कुमार, रमेश सिंह, ललित नारायण मिश्रा और अयाज अली खान को विदाई दी गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कर्मचारियों को समापक राशि भुगतान परिपत्र, मेडिकल कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज सौंपे। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे सेवानिवृत्ति के बाद भी रेल परिवार का अभिन्न हिस्सा बने रहेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्ति से उत्पन्न रिक्तियों पर पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा रही है।हर्वेश कुमार को ड्रेसर पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। मंडल कार्मिक अधिकारी आनंद कुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

### मलेरिया नियंत्रण के लिए 66 मजदूरों को दिया प्रशिक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 6 विकास खंडों, मझगवां, मीरगंज, भमोरा, रामनगर, फतेहगंज पश्चिमी और शेरगढ़ के तहत आने वाले 41 सब-सेंटरों में मलेरिया का प्रकोप पाए जाने के बाद विशेष अभियान शुरू किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण के उद्देश्य से इंडोर रेजिडुअल स्प्रे यानी कीटनाशक छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए 66 दैनिक मजदूरों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छिड़काव की तकनीक, सावधानियां और प्रभावी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी सतेन्द्र सिंह, पाथ संस्था के प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष अभिषेक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान में जिले में मलेरिया के 20 और डेंगू के 4 मरीज सामने आए हैं।

### हज के सफर पर रवाना हुए यात्री, दी गई विदाई

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला बानखाना निवासी बरेली हज सेवा समिति के मंडल महासचिव डॉ. कासिमुद्दीन अपनी पत्नी के साथ मदीना के लिए रवाना हुए। समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। डॉ. कासिमुद्दीन ने कहा कि यह उनके लिए बेहद खुशनसीबी का मौका है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अहमद उल्लाह वारसी, प्रोफेसर शफीकुद्दीन, हाजी उवैस खान, दानिश खान, हाजी अजीम हसन, हाजी फैसल शम्सी, हाजी साकिब रज़ा खां और नजमुल एसआई खान सहित परिजन और समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।




### रोटरी क्लब ने किया अनुपम कपूर को सम्मानित




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ की बैठक में क्लब के सक्रिय सदस्य अनुपम कपूर को 'समस्त खत्री महासभा' का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. विनोद पगरानी ने कहा कि यह पद समाज की सेवा, एकता और विकास के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। क्लब सचिव संजय गर्ग ने भी हर्ष व्यक्त किया। अनुपम कपूर ने कहा कि उनका लक्ष्य देशभर में खत्री समाज को एक मंच पर संगठित करना, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करना और संगठन को मजबूत बनाना है। रवि प्रकाश अग्रवाल, घनश्याम खंडेलवाल, सुजीत जायसवाल, संदीप मेहरा, अनिल अग्रवाल, ध्रुव तिलक, चंद्र प्रकाश, रोहित जिंदल, विशाल अरोरा, दिनेश प्रधान, संजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल ,सतीश अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार , अवध अग्रवाल, शिशिर पांडे, मनोज सेठी, राजीव जैन, विवेक अग्रवाल, रवि अग्रवाल सारनाथ, रोशन अग्रवाल, अनूप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सेन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव ... राजीव के सिर सजा ताज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की वर्ष 2026-27 की वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को स्टेशन रोड एक होटल में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित हुई।

चुनाव अधिकारी और पूर्व अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों को नामांकन प्रक्रिया व प्रत्याशियों की स्थिति से अवगत कराया। 17 कार्यकारिणी सदस्यों के चयन की घोषणा की गई। सभा में राजीव सिंघल को दोबारा से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर एसके सिंह, सचिव पद पर शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर राहुल अग्रवाल और संयुक्त सचिव पद पर अभिनव कटरू व सीए क्षितिज टंडन को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

**सरकारी योजनाओं और निवेश पर दिया गया जोर :** नवनिर्वाचित सचिव शरद अग्रवाल ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चैम्बर को नई ऊंचाइयों तक ले जाना प्राथमिक लक्ष्य होगा। उन्होंने उद्योग एवं व्यापार से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। सचिव अल्पित अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश में बनते अनुकूल औद्योगिक वातावरण की जानकारी दी। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। समारोह में पूर्व अध्यक्ष एवं बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, विनोद ग्रोवर, किशोर कटरू, राजेश गुप्ता, अशोक गोयल, अरुण बाधवानी, राजेश तनेजा, अनूप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पीयूष कुमार अग्रवाल, पुनीत सक्सेना, रवि अग्रवाल, पवन मित्तल, सुनीत मूना, डॉ. महेंद्र सिंह बासु, शेखर अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, अजय शुक्ला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




सैन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● राजीव सिंघल एक बार फिर से निर्विरोध अध्यक्ष हुए निर्वाचित

● वार्षिक आम सभा का आयोजन, नई कार्यकारिणी का गठन

### नवीन कार्यकारिणी को मिली जिम्मेदारी

कार्यकारिणी के 11 सदस्यों में पुनीत सक्सेना, अमित अग्रवाल, तुषार गोयल, अजय शुक्ला, संदीप टंडन, मुनीश मित्तल, आलोक गुप्ता, संजय अग्रवाल, प्रशांत गोयल, रोशन अग्रवाल और संदीप टंडन शामिल रहे। अध्यक्ष राजीव शिंघल ने पूर्व वर्षों की गतिविधियों जैसे सेमिनार, क्रिकेट मैच, रक्तदान शिविर और त्योहारों पर आयोजित कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी इन्हें और भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा की। साथ ही कहा कि कार्यकारिणी संगठन को नई उर्जा के साथ और उचाइयों तक लेकर जाएगी।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग पर लगे रोक: कंछल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के बरेली आने पर व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान हाल ही में गठित महानगर युवा टीम का भी अभिनंदन किया गया।

संगठन के कार्यालय पर प्रेसवार्ता में कंछल ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग से खुदरा व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसलिए इस पर रोक लगनी चाहिए। साथ ही जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा, दुकान जलने पर बीमा और ब्याज दर 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 हजार से अधिक इकाइयों के साथ व्यापार मंडल सक्रिय है और 110 जनपदों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। संगठन की लोकप्रियता के कारण कई व्यापारी नेता राजनीति में भी पहुंचे हैं। कंछल ने कहा कि देश में लगभग 7 करोड़ व्यापारी और उतने ही कर्मचारी मिलकर 70 करोड़ लोगों की आजीविका का आधार हैं, इसलिए सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। जिला अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना, अमरजीत सिंह बक्शी, दानिश जमाल, मनोज अरोरा, अश्वनी अरोरा, युवा अध्यक्ष रौनक शामिल रहे।




बनवारी लाल कंछल का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

● बनवारी लाल कंछल का व्यापारियों ने किया स्वागत

● प्रेसवार्ता में व्यापारियों से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए

# जीवन के हर क्षण ईश्वर का स्मरण जरूरी: रविनन्दन

**बरेली।** श्री श्यामा श्याम रसिक परिवार के सानिध्य में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास रविनन्दन शास्त्री ने परीक्षित प्रकरण, शुकदेव आगमन तथा भक्त शिरोमणि प्रह्लाद के चरित्र का अद्भुत वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने जब मृत्यु का समय निकट देखा तो सांसारिक मोह त्यागकर केवल भगवान की कथा श्रवण का संकल्प लिया। प्रसंग शिक्षा देता है कि जीवन के अंतिम क्षणों में भी ईश्वर का स्मरण ही सबसे बड़ा साधन है। कहा कि जब भक्त सच्चे मन से भगवान की शरण चाहता है, तो स्वयं गुरु और ज्ञान उसके पास आ जाते हैं। भक्त प्रह्लाद का जीवन प्रेरणा देता है कि कठिनाइयाँ और संकट भक्त के लिए परीक्षा हैं। दृढ़ विश्वास से ही विजय प्राप्त होती है। दिवस यजमान श्री राम -मुद्रा कृष्ण, मनोज -रश्मि छिब्बर ने नवग्रह पूजन किया। पंकज गुप्ता, मनीष रस्तोगी, शोभित अग्रवाल, राहुल जौहरी, अशोक अवस्थी, अनिल गुप्ता, सीएम प्रमोद अग्रवाल, ऐ के सिंह आदि मौजूद रहे।

### आनंद आश्रम में 1 मई से दिव्य श्री भागवत रहस्य

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में 1 से 5 मई तक दिव्य श्री भागवत रहस्य पर विशेष कथा का आयोजन किया जाएगा। जगद्गुरु कृपालु महाराज के शिष्य प्रेम रसिक श्वेताभ महाराज प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से रात्रि 8 :30 बजे तक श्रद्धालुओं को भागवत के दार्शनिक एवं तात्विक रहस्यों से अवगत कराएंगे। आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि कथा में भक्ति, प्रेम निरूपण, साधना विधियों और मानव जीवन के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा होगी। उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल ने सभी भक्तों से धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## होनहार बिरवान


95.4 प्रतिशत
माही गुप्ता
सेंट मारिया गोरेटी कॉलेज


98.2 प्रतिशत
शिफा खान
सेंट मारिया गोरेटी कॉलेज


96.0 प्रतिशत
इस्मा सैय्यद
सेंट मारिया गोरेटी कॉलेज


94.2 प्रतिशत
फालिशा साजिद
जीपीएम स्कूल


96.0 प्रतिशत
पान्या मंगल
सेन्ट मारिया गोरेटी कॉलेज


92.0 प्रतिशत
समृद्ध वर्धन
हार्टमैन कॉलेज


आईसीएसई बोर्ड में अच्छे परिणाम पर खुशी व्यक्त करतीं सेन्ट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

# 10वीं में बरेली की प्राजना, 12 वीं में बदायूं की अनामिका मंडल टॉपर

## सेंट मारिया की छात्रा ने प्राप्त किए 99.6 अंक, इंटर टॉपर को मिले 98. 25 प्रतिशत अंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीआईएससीई ने आईसीएससी और आईएससी के परीक्षा परिणाम घोषित किए
- 12वीं में आर्यालय शाही 97.25 प्रतिशत अंकों के साथ मंडल में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार:** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने गुरुवार को सुबह 11 बजे आईसीएससी (10वीं) और आईएससी (12वीं) की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए। बरेली के सेंट मारिया गोरेटी की प्राजना पाराशर ने 10वीं में 99.6 फीसदी अंक हासिल कर बरेली मंडल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं में बदायूं के डीई पॉल स्कूल की अनामिका 98. 25 प्रतिशत अंक लाकर मंडल टॉपर बनी।

12वीं में सेंट मारिया गोरेटी की आर्यालय शाही 97. 25 प्रतिशत के साथ मंडल में दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा बहेड़ी के असीसी कान्वेंट स्कूल की इमान निशत ने 97. 25 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हार्टमैन स्कूल के अनिरुद्ध जौहरी ने 96. 75 के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसके अलावा गिरीश प्रसाद मेमोरियल कॉलेज के हर्षित सिंह 95. 25 प्रतिशत अंक के साथ मंडल में पांचवें स्थान पर रहा। कक्षा 10 में हार्टमैन कॉलेज के राघव पुरोहित के 99 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे नंबर पर रहे। गिरीश प्रसाद मैमोरियल कॉलेज की इफरा कुलसुम ने 98. 4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। एसटी एक्सवेयर कॉलेज के ईशान विष्ट 88. 6 प्रतिशत अंक के साथ मंडल में चौथे स्थान पर रहे। वहीं सेंट मारिया कांवेंट स्कूल की शगुन सिंह, श्रेयांस संयुक्त रूप से पांचवे स्थान पर रहे।

## साहू राम स्वरूप में विजेता छात्राओं को दिए प्रमाण पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वरचित काव्य लेखन, निबंध, कहानी लेखन प्रतियोगिता तथा छात्रा सेमिनार के विजेताओं व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा पांडे, डॉ. अनीता के संयोजन में हुए इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारना रहा।

# हार्टमैन के छात्र-छात्राओं ने आईसीएसई में लहराया परचम, राघव को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) की परीक्षा 2026 के परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा परिणामों में बरेली के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हार्टमैन स्कूल के छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

कक्षा 10 के छात्र राघव पुरोहित ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप करने के साथ पूरे रीजन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुर्माचल निवासी राघव ने बताया कि स्कूल के बाद रोजाना 4 से 5 घंटे की पढ़ाई को दिनचर्या का हिस्सा बनाया। भविष्य की योजनाओं को लेकर राघव ने बताया कि वह बीटेक करना चाहते हैं। राघव के पिता डॉ. राकेश पुरोहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं। माता कल्पना मिश्रा अध्यापक हैं। परिवार का शैक्षिक माहौल और मार्गदर्शन उनकी सफलता में सहायक रहा। राघव ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।



हार्टमैन स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा अपर्णा अग्रवाल ने 98.40 प्रतिशत के साथ स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वह न्यूरो सर्जन बनना चाहती है। वह बताती हैं कि पांच से छह घंटे सेल्फ स्टडी की और कठिन विषयों को समझने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। अपर्णा के पिता आनंद अग्रवाल इंजीनियर है। माता डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि अपर्णा नियमितपढ़ाई पर फोकस करती रही। आगे वह मेडिकल क्षेत्र में अपनी सेवाएं देना चाहती है। इस शानदार उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है।



पार्थ पांडे ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। संजय नगर के सैनिक कॉलोनी के रहने वाले पार्थ आईटी सेक्टर में जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई में निरंतरता ने ही उन्हें इस सफलता तक पहुंचाया। पार्थ के पिता गोपाल दत्त पांडेय और माता पूजा तिवारी की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने बताया कि पार्थ दिन भर पढ़ने वालों में से नहीं है। जितनी देर पढ़ता है उतनी देर के लिए सभी काम भूल जाता है। पार्थ की यही मेहनत आज उसकी सफलता का कारण बनी।



ईशान टंडन ने कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत का फल है। इससे उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सिलेबस को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर नियमित पढ़ाई की। हर विषय को समान समय देने की कोशिश की। रिवीजन को उन्होंने अपनी सफलता की कुंजी बताया जिससे उनके कॉन्सेप्ट मजबूत हुए। लगातार अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विषयों पर पकड़ मजबूत कर ली। उनके पिता पुनीत टंडन बैंककर्मी हैं। माता शालिनी टंडन अध्यापक हैं।



सक्षम सरन ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। महानगर क्षेत्र के रहने वाले सक्षम सरन आगे रिसर्च एंड डवलमेंट के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। सक्षम ने अपनी सफलता का श्रेय पिता डॉ. जगदंम्बा सरन और माता डॉ. रितिका वर्मा को दिया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम दोनों से पढ़ाई की। वह सोशल मीडिया को बहुत कम उपयोग करते हैं।




जश्न मनाते हार्टमैन कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# सोशल मीडिया का कम प्रयोग कर बने टॉपर

## 10वीं की मंडल टॉपर प्राजना बनना चाहती हैं डॉक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** 10वीं में 99.6 फीसदी अंक हासिल कर बरेली मंडल में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली प्राजना पाराशर ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के उपयोग पर नियंत्रण रखकर उसने पढ़ाई पर ही ध्यान दिया। वह डाक्टर बनना चाहती है। शहर के बिहारीपुर की रहने वाली प्राजना पाराशर कैंट स्थित सेंट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज की छात्रा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से तैयारी की। इस दौरान सोशल मीडिया का भी उपयोग किया, लेकिन दिन में 15 मिनट से अधिक सोशल मीडिया का उपयोग नहीं किया। प्राजना के इतिहास और रसायन विज्ञान में 100-100 अंक आए हैं। भौतिक विज्ञान में सबसे कम 97 अंक हैं। प्राजना डॉक्टर बनना चाहती हैं। उनके पिता नगेंद्र पाराशर और मां आंचल शर्मा ने खुशी जताई है।



## हर्षित का सपना एआई इंजीनियर बनने का

**बरेली, अमृत विचार:** नेकपुर के हर्षित ने इंटरमीडिएट में 95.25 प्रतिशत अंक लाकर अपनी मेधा का परचम लहराया है। गिरीश प्रसाद मेमोरियल स्कूल के छात्र हर्षित ने गणित में 99, भौतिक विज्ञान में 94, रसायन विज्ञान में 84 और कंप्यूटर में 98 अंक प्राप्त किए हैं। कारोबारी पिता विपिन कुमार और मां रूपरानी बेटे की इस उपलब्धि से गौरवान्वित हैं। हर्षित ने बताया कि वह अब जेईई की तैयारी करेंगे और उनका लक्ष्य इंजीनियर बनने का है। विशेष रूप से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करियर बनाने की योजना है। हर्षित की सफलता की खास बात यह रही कि उन्होंने केवल एक घंटे की घरेलू कोचिंग और कंप्यूटर की ट्यूशन के सहारे यह मुकाम हासिल किया। अपनी जीत का श्रेय गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए हर्षित ने जूनियर साथियों को गुरुमंत्र दिया कि यदि खुद पर अडिग विश्वास हो, तो सफलता मिलना पूरी तरह तय है।



## इफरा ने सेल्फ स्टडी कर पाई सफलता, करेंगी सीए की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** गिरीश प्रसाद मेमोरियल कॉलेज की 10वीं कक्षा की छात्रा इफरा कुलसुम ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंडल में तीसरा स्थान हासिल किया है। पिता गुलजार अहमद जरी कारोबारी और मां नुजहत परवीन गृहणी हैं। इफरा ने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से पांच से छह घंटे सेल्फ स्टडी की और कठिन विषयों को समझने के लिए जरूरत पड़ने पर यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। इफरा अपनी सफलता का पूरा श्रेय माता-पिता, बड़ी बहन के मार्गदर्शन और शिक्षकों के उचित दिशा-निर्देशों को देती हैं। भविष्य के लक्ष्यों के प्रति बताया कि वह कॉमर्स विषय का चुनाव करेंगी। उनका लक्ष्य सीए का इंटरनेशनल कोर्स यानी ईसीसीए करना है। इफरा ने कहा कि एकाग्रता और समय प्रबंधन के जरिए किसी भी लक्ष्य को पाना संभव है।



## कुशाग्र वर्मा ने हासिल किए 70 प्रतिशत अंक

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक राकेश कुमार के पुत्र कुशाग्र वर्मा ने 70 प्रतिशत अंकों से आईएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। कुशाग्र वर्मा गिरीश प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र हैं। परिवार में खुशी का माहौल है। कुशाग्र ने बताया परीक्षाओं के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और मोबाइल फोन से दूरी बना ली थी। कुशाग्र ने अप्रैल माह में आयोजित जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा भी क्वालीफाई कर ली है। कुशाग्र के चाचा एडवोकेट राजीव वर्मा ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई में होनहार है। लोकतंत्र सेनानी सतीश शर्मा, प्रोफेसर डॉ. नितेश गुप्ता ने बधाई दी।



# इंटर टॉपर्स ने साझा किए सफलता के सूत्र, ऊंची उड़ान की तमन्ना


## अनिरुद्ध जौहरी: कंसिस्टेंसी ही सफलता की कुंजी



आईएससी 12वीं में हार्टमैन स्कूल के छात्र अनिरुद्ध जौहरी ने 96.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रीजन में चौथा स्थान प्राप्त किया। अनिरुद्ध ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई और स्पष्ट लक्ष्य को दिया। अनिरुद्ध के अनुसार, कठिन टॉपिक्स को टालने के बजाय उन्हें छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समझना अधिक प्रभावी रहता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई करते हुए उन्होंने अपने कॉन्सेप्ट्स को मजबूत किया। केवल रटने के बजाय समझकर पढ़ना जरूरी है, खासकर गणित और फिजिक्स जैसे विषयों में। परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन भी उनकी सफलता का अहम हिस्सा रहा। राजेंद्र नगर के रहने वाले अनिरुद्ध ने बताया कि परिवार और शिक्षकों का लगातार मार्गदर्शन उन्हें प्रेरित करता रहा। आगे वे यूरो इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते है। उनके पिता डॉ. प्रसून जौहरी और माता डॉ. निशी जौहरी हैं।

## परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट से हुई असली तैयारी

शिव भसीन : शिव भसीन ने 12वीं में 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि उनकी तैयारी का सबसे मजबूत पक्ष नियमित मॉक टेस्ट देना रहा। इससे उन्हें परीक्षा के पैटर्न और समय प्रबंधन की अच्छी समझ मिली। राजेंद्र नगर के रहने वाले शिव के अनुसार, उन्होंने हर विषय के लिए अलग रणनीति बनाई। गणित के लिए रोजाना अभ्यास, फिजिक्स के लिए कॉन्सेप्ट क्लियर करना और केमिस्ट्री के लिए रिवीजन पर ज्यादा ध्यान दिया। खास तौर पर वह सुबह के समय पढ़ाई अधिक करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि गलतियों से सीखना जरूरी है। इसलिए हर टेस्ट के बाद उन्होंने अपनी कमजोरियों पर काम किया। परिवार और शिक्षकों का सहयोग उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। उनके पिता जितेंद्र भसीन और माता राखी भसीन व्यावसायी है।



## श्रेयसी गर्ग को स्मार्ट स्टडी से मिली सफलता

श्रेयसी गर्ग ने पीसीएम स्ट्रीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कहा कि स्मार्ट स्टडी भी उतनी ही जरूरी है जितनी हार्ड वर्क। उन्होंने बताया कि उन्होंने सिलेबस को समय से पहले पूरा कर लिया था और अंतिम महीनों में केवल रिवीजन और प्रैक्टिस पर ध्यान दिया। जाटवपुरा की रहने वाली श्रेयसी के अनुसार, उन्होंने नोट्स बनाने की आदत विकसित की, जिससे रिवीजन आसान हो गया। वे कहती हैं कि हर छात्र को अपने पढ़ने का तरीका खुद समझना चाहिए। परीक्षा के दौरान उन्होंने समय का सही उपयोग किया और पहले आसान प्रश्न हल किए। परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके लिए अहम रहा। भविष्य में श्रेयसी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहती हैं।



## सक्षम नूनियाल बोलीं, डिसिप्लिन से मिली कामयाबी

गांधीनगर के रहने वाले हार्टमैन के छात्र सक्षम नूनियाल ने इंटर की परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सक्षम ने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासन और नियमित दिनचर्या को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरे साल एक तय टाइमटेबल का पालन किया और पढ़ाई के साथ पर्याप्त आराम भी लिया। सक्षम का मानना है कि कॉन्सेप्ट क्लियर होना सबसे जरूरी है। उन्होंने हर विषय को समझकर पढ़ने पर जोर दिया और समय-समय पर रिवीजन किया। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान सकारात्मक सोच बनाए रखना जरूरी है। परिवार और शिक्षकों का सहयोग उन्हें लगातार प्रेरित करता रहा। सक्षम आगे चलकर सीए बनना चाहते है। उन्होंने अन्य छात्रों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और मेहनत में कोई कमी न छोड़ें।



## संतुलन ही सफलता का आधार: अंबिका जंगी

अंबिका जंगी ने आईएससी 12वीं में 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंबिका ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से पढ़ाई की। पढ़ाई और मानसिक संतुलन दोनों जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खुद को तनावमुक्त रखने पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कठिन विषयों को प्राथमिकता दी और समय-समय पर शिक्षकों से मार्गदर्शन लिया। वे कहती हैं कि सवाल पूछने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए। उनकी सफलता में उनके पिता आशीष जंगी और माता रुमा जंगी के साथ परिवार का सहयोग अहम रहा। अंबिका आगे बीटेक करना चाहती हैं और इसके लिए तैयारी कर रही हैं। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि वे खुद पर विश्वास रखें और मेहनत के साथ धैर्य भी बनाए रखें।




## रिद्धिमा अग्रवाल की सलाह, रिवीजन है सबसे अहम

हार्टमैन की छात्रा रिद्धिमा अग्रवाल के में 93.75 प्रतिशत अंक आए। रिद्धिमा के पिता गौरव अग्रवाल और माता रिचा अग्रवाल हैं। राजेंद्र नगर की रहने वाली रिद्धिमा ने बताया कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण नियमित रिवीजन रहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर विषय को कई बार दोहराया, जिससे परीक्षा के समय आत्मविश्वास बना रहा। रिद्धिमा ने सैंपल पेपर और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल किए। जिससे परीक्षा का पैटर्न समझने में मदद मिली। उनका लक्ष्य भी बीटेक करके इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बढ़ना है। उन्होंने कहा कि मेहनत के साथ सही रणनीति अपनाना जरूरी है।




## कंसेप्ट क्लैरिटी से मिली बढ़त: कुशाग्र अग्रवाल

कुशाग्र अग्रवाल ने आईएससीमें 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बताया कि बायोलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स में कॉन्सेप्ट क्लियर रखना उनकी प्राथमिकता रही। कुशाग्र ने कहा कि उन्होंने डायग्राम और नोट्स की मदद से बायोलॉजी को बेहतर तरीके से समझा। नियमित रिवीजन और प्रैक्टिस से उन्होंने अपनी तैयारी को मजबूत किया। कुशाग्र के पिता का नाम रितेश अग्रवाल और माता का नाम शैली अग्रवाल ने भी उनको पढ़ाई में मदद की। परिवार और शिक्षकों का सहयोग उनकी सफलता में अहम रहा। कुशाग्र आगे मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं और इसके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।



## सैयद ईकान हसन को मिले 98.2 प्रतिशत अंक

**बरेली, अमृत विचार :** हार्टमैन कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र सैयद ईकान हसन ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ईकान शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और इस सफलता से उन्होंने स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। विषयवार प्रदर्शन में ईकान ने केमिस्ट्री और हिस्ट्री में शत-प्रतिशत 100 अंक प्राप्त किए। वहीं कंप्यूटर और गणित उनके पसंदीदा विषय हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि पेंटिंग और लेखन में भी है। वर्ष 2026 में आईसीएसई काउंसिल को ओर से उनकी लिखी गई कविता को टॉप-10 में शॉर्टलिस्ट किया जाना उनकी रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाता है। ईकान आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद सिविल सेवा में जाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उनके पिता सैय्यद मोहम्मद हसन और माता सैय्यद तबस्सुम हसन दोनों ही बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक हैं।



## सिटी डायरी

### सपा व्यापार सभा ने मेधावी नंदिनी गुप्ता को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज, खेड़ा की छात्रा नंदिनी गुप्ता के यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर समाजवादी व्यापार सभा ने अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष सुधीर शर्मा और महानगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता सरदार नगर स्थित छात्रा के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने नंदिनी को गुलदस्ता भेंट किया और अंगवस्त्र पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पदाधिकारियों ने नंदिनी के पिता मोहन लाल को भी मिठाई खिलाकर बधाई दी। पंडित दीपक शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### हक के लिए डीआईओएस कार्यालय पर कल जुटेंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 2 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दोपहर 1:30 बजे से विशाल धरना किया जाएगा। जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक अपनी लंबित मांगों, विशेषकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली, चयन बोर्ड की धारा 18 व 21 की सुरक्षा और तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण के लिए आवाज उठाएंगे। मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह और मंत्री डॉ. नरेश सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों को समान वेतन देने और व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक दर्जा देने जैसी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन तेज होगा। संगठन ने जनपद के समस्त शिक्षकों से एकजुट होकर अपनी सेवा सुरक्षा और सम्मान की रक्षा हेतु इस धरने को सफल बनाने की अपील की है।

### गुजरात स्थापना दिवस पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में साइकिल रैली



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्वस्थ समाज, स्वच्छ पर्यावरण और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रैली में शिक्षकों, अधिकारियों और 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पैडल चलाएं, कदम बढ़ाएं, बदलाव लाएं का संदेश दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजनों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, प्रो. एसएस बेदी, प्रो. यतेन्द्र कुमार, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. अतुल कटियार, सुधांशु शर्मा, रामप्रीत, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अजय यादव ने किया।

### पीलीभीत ने बदायूं को 32 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 मंडल मैच आज पीलीभीत और बदायूं के बीच प्रशांत पटेल स्टेडियम में खेला गया। पीलीभीत की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रनों का स्कोर खड़ा किया। कार्तिकेय शर्मा ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। बदायूं की टीम पीलीभीत के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम महज 89 रनों पर ढेर हो गई। पीलीभीत ने 32 रन से मैच जीत लिया। सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि अगला मुकाबला 1 मई 2026 को बरेली और शाहजहांपुर के बीच खेला जाएगा। आब्जर्वर एम.एल. सोलंकी ने जानकारी दी कि इन मैचों के प्रदर्शन के आधार पर ही मंडल की टीम का गठन किया जाएगा। मैच के सफल आयोजन में अध्यक्ष सरफराज वली खान, ओ.पी. कोहली और संचित शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### कागजों में दर्ज किए दो चालक, बस में मिला सिर्फ एक

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत डिपो से कानपुर जाने वाली एक बस में बड़ी लापरवाही सामने आई है।

25 मार्च 2026 को कागजों में दो चालकों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन निरीक्षण के दौरान बस में केवल एक ही चालक पाया गया। मुख्यालय प्रवर्तन दल ने कानपुर में बस का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि एक चालक कागजों में तो ड्यूटी पर था, लेकिन वास्तव में वह अपने घर पर मौजूद था। दल ने पूरी कार्रवाई करते हुए बस को आगे रवाना किया। विभागीय नियमानुसार, लंबी दूरी के मार्गों पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दो चालकों की तैनाती की जाती है। इस घटना से अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया।